National Carer Strategy

# चर्चा पत्र

## राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति

Australian Government
Department of Social Services

# सामग्री


**भूमि के प्रति अभिस्वीकृति ....................................................................................................2**
राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति ....................................................................2
**प्राक्कथन ..........................................................................................................................3**
भाषा के बारे में कथन ..................................................................................................4
**परामर्श प्रक्रिया ..................................................................................................................5**
इस चर्चा पत्र का उद्देश्य क्या है?.........................................................................................5
**सहायता और समर्थन ........................................................................................................6**
राष्ट्रीय परामर्श क्यों?.....................................................................................................7
यह एक साझा जिम्मेदारी क्यों है?.......................................................................................7
**अनुभाग 1: प्रस्तावना.........................................................................................................8**
राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का उद्देश्य..............................................................................8
एक नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति क्यों...........................................................................8
चर्चा पत्र .....................................................................................................................9
दायरा और मुख्य विचार ...................................................................................................9
आकड़े ......................................................................................................................9
विविधता का सम्मान ...................................................................................................10
युवा देखभालकर्ता और वृद्ध देखभालकर्ता.........................................................................10
प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ता............................................................................................10
सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण देखभालकर्ता........................................................11
पूरी सरकार-भर में अंत:प्रतिच्छेदन .................................................................................11
**अनुभाग 2: नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति के लिए मुद्दा.................................................... 12**
हमें पहले से ही क्या पता है ...........................................................................................12
सकुशलता .................................................................................................................12
सेवाओं की सुलभता......................................................................................................13
प्रथम राष्ट्रों के लोग.......................................................................................................13
सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण (सीएएलडी) देखभालकर्ता.......................................13
युवा देखभालकर्ता.........................................................................................................13
**अनुभाग 3: आपके विचार ............................................................................................... 15**
अगले कदम................................................................................................................15
दृष्टि कथन.................................................................................................................15
कार्यनीति के सिद्धांत.....................................................................................................15
आपकी देखभाल की भूमिका कैसी दिखती है? ....................................................................15
देखभालकर्ताओं के लिए समर्थन......................................................................................16
राहत ........................................................................................................................16
रोजगार और शिक्षा......................................................................................................17
प्राथमिकताएँ..............................................................................................................17
सहकर्मी समर्थन..........................................................................................................17
सभी देखभालकर्ताओं पर प्रतिबिंबन.................................................................................18
भुगतान....................................................................................................................18
अन्य सेवाएँ ...............................................................................................................19
अपना अनुभव साझा करें: ..............................................................................................19
संदर्भ.......................................................................................................................20

# भूमि के प्रति अभिस्वीकृति

ऑस्ट्रेलिया सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों, तथा भूमि, जल, संस्कृति और समुदाय के साथ उनके निरंतर संबंध को अभिस्वीकृति देती है। हम अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं।

## राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति

एक राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति (National Carer Strategy Advisory Committee) कार्यनीति के विकास का मार्गदर्शन कर रही है। इस समिति में विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से जीवंत अनुभव वाले देखभालकर्ता और अनेकानेक पोर्टफोलियोज़ में से सेक्टर के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति के सदस्यों को अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) की एक खुली प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है, और उन्हें सामाजिक सेवाएँ मंत्री (Minister for Social Services) माननीया एमांडा रिशवर्थ सांसद द्वारा नियुक्त किया गया था।

यह समिति कार्यनीति के विकास में योगदान देगी, जिसमें दायरा, संदर्भ, परामर्श दृष्टिकोण और विषय भी शामिल हैं। समिति के सदस्य अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक अनुभवों से संदर्भ लेकर सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलिया के अवैतनिक देखभालकर्ताओं के सामने आने वाले अनुभवों और चुनौतियों की विविधता को दर्शाती है।

और अधिक जानकारी के लिए कृपया राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति | सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services), ऑस्ट्रेलिया सरकार (dss.gov.au) देखें।

# प्राक्कथन

अप्रैल 2024 में मंत्री रिशवर्थ ने राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (National Carer Strategy) के विकास की देखरेख के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ मिलकर मार्गदर्शन और काम करने वाली एक जीवंत अनुभव देखभालकर्ता सलाहकार समिति की नियुक्ति की। ऐसा इसलिए किया गया था, ताकि सभी देखभालकर्ताओं के विचारों, दृष्टिकोणों, सामूहिक अनुभवों और आकांक्षाओं का अंतिम कार्यनीति में परिलक्षित होना सुनिश्चित किया जा सके।

हमारी समिति में जीवंत अनुभवों वाले देखभालकर्ताओं की एक विविध श्रेणी और देखभालकर्ता संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं, जिनमें पूरे देश-भर से युवा देखभालकर्ता और सर्वप्रथम लोगों से लेकर सबसे हाल में नए आए देखभालकर्ता शामिल हैं और वे बच्चों से लेकर माता-पिताओं तक के लोगों की देखभाल करते हैं। समिति के मनोनीत सदस्य पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में अलग-अलग समुदायों में अपनी देखभाल की भूमिकाओं में लोगों द्वारा अनुभव की जाने वाली जटिलताओं, प्रतिच्छेदनों और अनन्य बाधाओं के बारे में सलाह, प्रतिनिधित्व और पक्ष-समर्थन प्रदान करते हैं।

यह कार्यनीति सार्थक परिवर्तन को सूचित करने का एक अवसर है, जिसका उद्देश्य देखभाल के अनुभव को संवृद्ध बनाना और देखभालकर्ताओं तथा हमारे देखभाल प्राप्तकर्ताओं, दोनों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह देखभालकर्ताओं के सामने आने वाली विविध चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास भी करती है, जिसमें विकास, करियर, शिक्षा, आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक कल्याण पर पड़ने वाले प्रभाव तथा समाज में संपूर्ण भागीदारी का हमारा अधिकार भी शामिल है।

हमारे समाज की एक अनन्य और आवश्यक जिम्मेदारी देखभाल है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है, मान्यता नहीं दी जाती है और कम मूल्य का आंका जाता है। इस भूमिका को अलग-अलग व्यक्तिगत संबंधों से आकार मिलता है, जो चुनौतीपूर्ण और पुरस्कृत करने वाले देखभाल अनुभवों - इन दोनों में अनुवादित होते हैं। यह अनिवार्य है कि देखभालकर्ताओं की इस महत्वपूर्ण भूमिका को और उन्हें तथा उनसे देखभाल प्राप्त करने वाले लोगों के जीवन में देखभालकर्ताओं के गहरे योगदान को मान्यता, महत्व और समर्थन दिया जाए। देखभालकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई अवैतनिक देखभाल व सहायता के योगदान और अतिरिक्त घंटों को मान्यता देना एक मौलिक बात है, क्योंकि यह समर्थन सरकार द्वारा वित्त-पोषित वैतनिक देखभाल और सहायता सेवाओं के संपूरण व संवर्धन के लिए आवश्यक है और इससे हमारे स्वास्थ्य व सामाजिक देखभाल प्रणालियों पर पड़ने वाली मांग कम होती है।

हम स्वयं देखभालकर्ताओं के रूप में आपके साथ खड़े हैं। हम अपनी साझा यात्रा की अनन्य जटिलताओं और अक्सर अभिभूत करने वाली प्रकृति को समझते हैं। देखभाल एक प्रतिबद्धता है, जो हमारे जीवन के ताने-बाने में अक्सर बिना धूमधाम के और लचीलेपन की आवश्यकता के साथ होकर जाती है। यह एक ऐसी भूमिका है, जो समाज में भाग लेने की हमारी क्षमता को आकार देती है और समुदाय के आमूल सार को शांति से रेखांकित करती है।

ऑस्ट्रेलिया में तीन मिलियन अवैतनिक देखभालकर्ता हैं, और हम आपकी ओर से सुनने के इच्छुक हैं। हम आपके विचार जानना चाहते हैं, चाहे आप देखभाल करने की अपनी यात्रा में कहीं भी हों, और चाहे आप इस भूमिका में बस अभी ही अपनी पहचान कर रहे/ही हों। आपकी कहानियाँ, आपकी चुनौतियाँ और आपकी आवश्यकताएँ इस कार्यनीति की आधारशिला होंगी। इस कार्यनीति के विकास को घेरने वाला यह चर्चा पत्र और परामर्श कार्यनीतियाँ आपके लिए एक मंच हैं, जिसमें आप अपने लिए महत्वपूर्ण बातों को उठा सकते/ती हैं ताकि हम सभी को समर्थित करने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को आकार दिया जा सके। यह एक अवसर है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हरेक देखभालकर्ता को समाज में और उनकी देखभाल करने की भूमिकाओं में पूरी तरह से भाग लेने के लिए मान्यता, मूल्य और समर्थन दिया जाता है।

हम आपको इस बातचीत में योगदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं। खुले रहें, ईमानदार रहें, और आएँ एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए साथ-मिलकर काम करें जहाँ हरेक देखभालकर्ता भूमिका को अभिस्वीकृति, मूल्य और समर्थन दिया जाता है।

Meredith Coote, Co-Chair

Andrew Whitecross, Co-Chair

## भाषा के बारे में कथन

इस पूरे दस्तावेज में हम 'देखभालकर्ता' और 'देखभाल की भूमिका' शब्दों का उपयोग किसी ऐसे व्यक्ति को अवैतनिक देखभाल, समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए छत्र शब्दों के रूप में करते हैं, जो किसी विकलाँगता, चिकित्सीय समस्या, मानसिक रोग या आयु के कारण नि:शक्त है। हम यह समझते हैं कि देखभाल और देखभाल की भूमिकाएँ कई रूप ले सकती हैं; आप एक मित्र, पड़ोसी, विस्तारित परिवार, जीवनसाथी, पुत्र/पुत्री या माता/पिता हो सकते/ती हैं।

*देखभालकर्ता मान्यता अधिनियम 2010 (Carer Recognition Act 2010)* (अधिनियम) में वर्तमान परिभाषानुसार 'देखभालकर्ता' कोई ऐसा व्यक्ति होता है, जो किसी अन्य व्यक्ति को उसकी विकलांगता, चिकित्सीय समस्या (जिसमें टर्मिनल या लंबे समय तक चलने वाला कोई रोग भी शामिल है), मानसिक रोग या उस व्यक्ति के नि:शक्त और वृद्ध होने के कारण देखभाल की आवश्यकता होने पर उन्हें व्यक्तिगत देखभाल, समर्थन और सहायता प्रदान करता है। इस कार्यनीति और चर्चा पत्र में औपचारिक देखभाल व्यवस्थाओं पर चर्चा नहीं की जाएगी। औपचारिक देखभालकर्ता वेतनीय सेवा के रूप में देखभाल, समर्थन और सहायता प्रदान करते हैं, जो किसी स्वयंसेवा व्यवस्था का हिस्सा हो सकते हैं या वेतनीय देखभाल सेवाओं के प्रशिक्षण या शिक्षा के हिस्से के रूप में हो सकते हैं।

किसी को सहायता और समर्थन प्रदान करने वाला हरेक व्यक्ति स्वयं के बारे में एक देखभालकर्ता के रूप में नहीं सोचता है। ऐसा कई कारणों से हो सकता है: उदाहरण के लिए, देखभालकर्ताओं के लिए अपनी देखभाल की भूमिका को उनसे देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति के साथ अपने संबध से अलग देखना कठिन हो सकता है। ये संबंध और नेटवर्क लोगों को जुड़ाव व अपनेपन की भावना देते हैं और लोगों की पहचान व अर्थ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं। एक देखभालकर्ता बनना सभी पक्षों के मौजूदा संबंधों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हो सकता है कि कुछ लोग यह न पहचान सकें कि वे जो समर्थन प्रदान कर रहे हैं, उसका स्तर अन्य लोगों द्वारा उनके अपने संबंधो में प्रदान किए जाने वाले समर्थन की तुलना में बहुत अधिक है। हाल के परामर्शों में कुछ उपस्थित लोगों ने यह बात साझा की कि 'देखभालकर्ता' शब्द से असहजता महसूस हो सकती है। उन्होंने महसूस किया कि यह शब्द देखभाल प्राप्तकर्ता को एहसान जताने वाला लग सकता है और उनकी एजेंसी को कमजोर कर सकता है।

किसी की देखभाल करते समय यह संभव है कि 'देखभालकर्ता' का पद तब तक स्पष्ट न हो पाए, जब तक कि देखभाल की जिम्मेदारियाँ आपके काम करने की क्षमता को प्रभावित न करें, आपके परिवार के साथ समय को सीमित न करें और/या आपके खुद के स्वास्थ्य व सकुशलता पर असर डालना शुरू न करें।

इसके अतिरिक्त हम यह भी समझते हैं कि संभावित रूप से देखभालकर्ता शब्द को कुछ लोगों द्वारा पहचान, स्वीकृति या मान्यता नहीं भी दी जा सकती है, जिसमें प्रथम राष्ट्रों के लोग और सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण (सीएएलडी) समुदाय शामिल हैं।

इस चर्चा पत्र के लिए, जब हम देखभालकर्ताओं का उल्लेख करते हैं, तो हमारा अर्थ ऐसे लोगों से नहीं है जो औपचारिक, वेतनीय देखभाल प्रदान करते हैं। देखभालकर्ता ऐसा कोई भी व्यक्ति है, चाहे वह बच्चा या वयस्क हो, जो परिवार के किसी सदस्य, जीवनसाथी या मित्र की देखभाल इसलिए करता है क्योंकि उन्हें अपने रोग, कमजोरी, विकलांगता, मानसिक स्वास्थ्य समस्या या किसी व्यसन के कारण सहायता की आवश्यकता होती है और वे देखभालकर्ता के समर्थन के बिना इन समस्याओं का सामना नहीं सकते हैं। देखभालकर्ता अवैतनिक देखभाल प्रदान करते हैं। जब हम इस दस्तावेज में देखभालकर्ताओं का उल्लेख करते हैं, तो इसमें वयस्क और युवा दोनों आयुवर्गों के देखभालकर्ता शामिल हैं।

**कृपया ध्यान दें** कि बच्चों की सामान्य दिन-प्रतिदिन की देखभाल करने वाले लोग इस चर्चा पत्र और कार्यनीति का केंद्र नहीं हैं, चाहे वे माता/पिता हों या न हों, संबंधी हों, दादा-दादी/नाना-नानी हों या पालक स्वरूप देखभाल संबंधों में हों (जहाँ बच्चों को विकलांगता, चिकित्सीय समस्याओं या मानसिक रूप से खराब स्वास्थ्य के कारण अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता नहीं होती है)। देखभालकर्ताओं के इस समूह के लिए अनुकूलित समर्थन सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) में Grandparent, Foster and Kinship Carer Adviser से 1800 245 965 पर संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है। अन्य प्रासंगिक संसाधन सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

*हम समुदाय के ऐसे सभी सदस्यों की ओर से सुनने में रुचि रखते हैं, जो संभावित रूप से किसी प्रियजन या मित्र को समर्थन दे रहे हैं, चाहे वे 'देखभालकर्ता' शब्द का उपयोग करने का चयन करें या नहीं।*

***क्या आप देखभालकर्ता शब्द का उपयोग करते/ती हैं? क्या आपको किसी अन्य भाषा का उपयोग करना पसंद है?***

*हो सकता है कि आप इस देखभाल भूमिका को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा कर रहे/ही हों। कई देखभालकर्ता समर्थन के एक चक्र का हिस्सा होते हैं, जिसमें उनकी भूमिका प्राथमिक देखभालकर्ता की के रूप में होती है, किंतु यह केवल इसी तक सीमित नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 'प्राथमिक देखभालकर्ता' शब्द का उपयोग उस व्यक्ति को संदर्भित करने के लिए किया जाता है, जो दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के लिए देखभाल प्राप्तकर्ता को सबसे अधिक अवैतनिक देखभाल और सहायता प्रदान करता है।*

***क्या प्राथमिक देखभालकर्ता का विचार समर्थनकारी है?***

# परामर्श प्रक्रिया

## इस चर्चा पत्र का उद्देश्य क्या है?

यह चर्चा पत्र एक नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (कार्यनीति) में जनपरामर्श और संलग्नता का हिस्सा है, जो देखभालकर्ताओं और हितधारकों को सरकार को यह बताने का अवसर प्रदान करता है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है।

हम विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों के लोगों समेत सभी देखभालकर्ताओं की ओर से सुनना चाहते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यनीति देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरशील है और ऐसे परिणाम प्रदान करती है जो ऑस्ट्रेलिया के सभी अवैतनिक देखभालकर्ताओं को बेहतर रूप से समर्थित करेंगे। इस पत्र का उद्देश्य उन मुद्दों को रेखांकित करना है, जिनके बारे में सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) जानता है कि वे देखभालकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसका उद्देश्य चर्चा को प्रेरित करना है, जिसमें सभी प्रासंगिक मुद्दों या उन्हें संबोधित करने के तरीकों की अनिवार्य रूप से पहचान नहीं भी हो सकती है।

इस चर्चा पत्र का उत्तर देकर भाग लेना यह सुनिश्चित करने का एक अवसर है कि साथ-मिलकर काम किया जाए और देखभालकर्ता अनुभवों का प्रतिनिधित्व हो सके, जिसमें नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति के स्वामित्व में साझा रूप से देखभालकर्ता भी शामिल हैं।

इस चर्चा पत्र का उत्तर एक लिखित जमा प्रक्रिया के माध्यम से दिया जा सकता है, जिसमें जमा करने में आपके मार्गदर्शन के लिए अनुभाग 3 में अनेकानेक प्रश्न दिए गए हैं। प्रश्न केवल एक मार्गदर्शन के रूप में ही दिए गए हैं।

साथ ही, हम यह भी जानते हैं कि देखभालकर्ताओं के पास समय की कमी हो सकती है, और इस कारण से हमने एक छोटी ऑनलाइन प्रश्नावली विकसित की है, जिसे आप प्रश्नों के स्थान पर पूरा करने के लिए इच्छुक हो सकते/ती हैं। आप सभी प्रश्नों के उत्तर दे सकते/ती हैं, अथवा केवल अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण या प्रासंगिक प्रश्नों के उत्तर दे सकते/ती हैं। प्रश्नावली यहाँ उपलब्ध है: राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति | engage.dss.gov.au।

यह चर्चा पत्र सरकार की नीति नहीं है; किंतु यह इस बारे में राष्ट्रमंडल सरकार के समझने के तरीके को आकार देगा कि ऑस्ट्रेलियाई समुदाय देखभालकर्ताओं के लिए क्या चाहता है और सभी देखभालकर्ताओं के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकार को किन बातों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**जमा करने की अंतिम तिथि: 13 सितंबर 2024 को शाम 11:59 बजे AEST।**

**DSS Engage के माध्यम से ऑनलाइन लिखित प्रस्तुति जमा करें:**

- आप DSS Engage के माध्यम से राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति | engage.dss.gov.au। पर ऑनलाइन लिखित प्रस्तुति जमा कर सकते/ती हैं
- आप जिन प्रासंगिक विषयों या प्रश्नों को संबोधित कर रहे/ही हैं, कृपया उनके साथ शीर्षक शामिल करें।
- आप सभी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए इच्छुक हो सकते/ती हैं या फिर केवल उन्हीं प्रश्नों के उत्तर देने का चयन कर सकते/ती हैं, जिनमें आपकी सबसे अधिक रुचि है।
- यदि आप किसी संगठन का प्रतिनिधित्व कर रहे/ही हैं, तो हम आपको अपने विचारों के समर्थन में केस स्टडीज़, डेटा और प्रमाण उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कृपया ऐसी जानकारी से पहचान हटाना सुनिश्चित करें, जब तक कि आपके पास ऐसे विवरण साझा करने के लिए सहमति न हो जिनसे व्यक्ति-विशेषों की पहचान प्रकट हो सके।
- सरकार राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति परामर्श में जमा की गई प्रस्तुतियों को प्रकाशित करने का विकल्प चुन सकती है। लिखित प्रस्तुति जमा करते समय आपसे यह बताने के लिए आग्रह किया जाएगा कि क्या आप अपनी प्रस्तुति को विभाग की वेबसाइट पर प्रकट पहचान के रूप में या फिर अनाम रूप में प्रकाशित किया जाना चाहते/ती हैं। अपनी गोपनीयता के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया गोपनीयता नीति | सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services), ऑस्ट्रेलिया सरकार (dss.gov.au) पर उपलब्ध गोपनीयता सूचना देखें।

**ईमेल:** NationalCarerStrategy@dss.gov.au

**डाक:** National Carer Strategy GPO Box 9820
Department of Social Services Canberra ACT 2601

**पूछताछ:** सभी पूछताछ को NationalCarerStrategy@dss.gov.au पर भेजा जाना चाहिए।

**सबस्क्राइब करें:** इस परामर्श प्रक्रिया की पूरी अवधि के दौरान सूचित बने रहने के लिए कृपया engage.dss.gov.au पर सबस्क्राइब करें।

# सहायता और समर्थन

कृपया ध्यान रखें कि इस पत्र में ऐसी जानकारी शामिल है, जिससे पाठक व्यथित हो सकते हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं के अनुभवों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी शामिल है। यदि इस पत्र को पढ़ने के बाद आपको व्यथित करने वाली भावनाओं का सामना करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है, तो आपकी सहायता के लिए नि:शुल्क सेवाएँ उपलब्ध हैं।

## केयरर गेटवे

- समर्थन और सेवाओं के लिए टेलीफोन करें: 1800 422 737, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8बजे से शाम 5बजे तक।
- वेबसाइट: Carer Gateway

**Beyond Blue Support Service**

- टेलीफोन करें: 1300 224 636, 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन।
- सप्ताह में 7 दिन दोपहर 3बजे से रात 12बजे तक ऑनलाइन चैट करें।
- थोड़े समय के लिए नि:शुल्क, परामर्श, सलाह और रेफरल सेवाओं के लिए ईमेल भेजें।
- वेबसाइट: Beyond Blue Support Service।

**Lifeline Crisis Support**

- जब आपको अभिभूत महसूस होता है, सामना करने में कठिनाई होती है या आत्महत्या के बारे में विचार आते हैं, तो यह गोपनीय सेवा सहायता प्रदान करती है।
- किसी संकटकाल समर्थनकर्मी के साथ टेलीफोन के माध्यम से 13 11 14 पर सप्ताह के 7 दिन, 24 घंटे बात करें।
- 24/7 समर्थन के लिए 0477 13 11 14 पर टेक्स्ट भेजें।
- 24/7 ऑनलाइन चैट करें।
- वेबसाइट: Lifeline Crisis Support।

**1800RESPECT**

- यौन उत्पीड़न या घरेलू और पारिवारिक हिंसा या दुर्व्यवहार से प्रभावित होने पर आपके लिए समर्थन।
- 1800 737 732 पर टेलीफोन करें, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन।
- ऑनलाइन चैट करें, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन।
- वेबसाइट: 1800RESPECT

**13YARN**

- सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित संकटकालीन समर्थन प्रदान करने वाली प्रथम राष्ट्र सेवा।
- एक आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी संकटकालीन समर्थनकर्मी से टेलीफोन के माध्यम से 13 92 76 पर दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन बात करें।
- वेबसाइट: 13YARN

**QLife**

- QLife ऑस्ट्रेलिया में लोगों के लिए गुमनाम और नि:शुल्क LGBTQ+ सहकर्मी समर्थन और रेफरल प्रदान करता है
- 1800 184 527 पर कॉल करें, जो प्रतिदिन दोपहर 3बजे से मध्यरात्रि तक उपलब्ध है या QLife - Support and Referrals पर जाएँ।

## राष्ट्रीय परामर्श क्यों?

देखभालकर्ताओं के सामने अलग-अलग चुनौतियाँ आती हैं और ये अक्सर उनकी व्यक्तिगत परिस्थितियों से संबंधित होती हैं। हम यह स्वीकार करते हैं कि इन अनुभवों से अलगाव, भेदभाव, और परिवार की गतिशीलता में बदलाव की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। ये अनुभव देखभालकर्ताओं के जीवन की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं, जिससे उनकी भावनात्मक सकुशलता, शारीरिक स्वास्थ्य, स्वायत्तता और पहचान की भावना प्रभावित हो सकती है।

इस कार्यनीति को पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में देखभालकर्ताओं के साथ परामर्श करके विकसित किया जाएगा। विभाग राष्ट्रव्यापी परामर्श आयोजित कर रहा है, जिसमें महानगरीय, क्षेत्रीय, ग्रामीण और दूरस्थ स्थानों को आच्छादित किया जा रहा है।

परामर्शों में जीवंत अनुभव वाले देखभालकर्ता एवं इस सेक्टर के प्रतिनिधि शामिल होंगे, और इसमें युवा देखभालकर्ता, प्रथम राष्ट्र समुदायों और सीएएलडी समुदायों जैसे विविधतापूर्ण समूह भी सम्मिलित होंगे। परामर्श में विविधतापूर्ण लोगों के समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जिन्हें देखभालकर्ता समर्थन उपलब्ध कराते हैं, जैसे मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से ग्रस्त लोग, वृद्धजन, सेनानिवृत्त और विकलांगता-ग्रस्त लोग, ताकि देखभालकर्ताओं के इन अलग-अलग समूहों की अनन्य आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

## यह एक साझा जिम्मेदारी क्यों है?

राष्ट्रमंडल, राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की सरकारें देखभालकर्ताओं से संबंधित अनेकानेक आवश्यकताओं को सेवाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से समर्थन देना जारी रखती हैं, जिसमें सरकार के सभी स्तरों के पास इन प्रणालियों के वित्त-पोषण, वितरण और/या विनियमन के लिए कुछ सीमा तक जिम्मेदारी होती है।

हाल में अनेकानेक परामर्श अवसरों के माध्यम से, जैसे राजकीय आयोगों, जाँचों, सर्वेक्षणों और गोलमेजों से देखभालकर्ताओं ने यह साझा किया है कि कठिन सरकारी प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं की सुलभता हासिल कर पाना मुश्किल और समय लेने वाला हो सकता है। यह प्रतिक्रिया सेवाओं के बेहतर एकीकरण और सरकारों के बीच नीतियों के समन्वय की आवश्यकता को प्रकाशमान करती है।

देखभालकर्ताओं ने अपनी देखभाल की भूमिका, अपनी सकुशलता और अपने-अपने समुदायों के अंदर उन्हें अनुभव होने वाली चुनौतियों के संबंध में अपनी कुंठाओं और अंतर्दृष्टियों को भी साझा किया है।

एक राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति वर्तमान में चल रहे अन्य सुधारों के अंतःप्रतिच्छेदन को अभिस्वीकृति देने और समझने के अवसर प्रदान करेगी। इसमें किसी उद्देश्य को संरेखित करने के लिए सहयोग के बिंदुओं की पहचान करने के अवसर शामिल हैं, जैसे सेवाओं की बढ़ती हुई मांग को संबोधित करना या कार्य में अनुकूलनशील भागीदारी के माध्यम से देखभालकर्ताओं की बेहतर आर्थिक सहभागिता खोजना।

# अनुभाग 1: प्रस्तावना

## राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का उद्देश्य

यह कार्यनीति ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं और उनके परिवारों के लिए एक स्थायी दृष्टिकोण बनाएगी। यह अगले पांच वर्षों के लिए राष्ट्रमंडल के लिए एक मार्गचित्र होगी, जो इस बात का दृष्टिकोण प्रदान करेगी कि ऑस्ट्रेलिया देखभालकर्ताओं के लिए क्या हासिल करना चाहता है।

यह देखभालकर्ता परिदृश्य की जांच करके देखभालकर्ताओं की विविधता पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें देखभालकर्ताओं की अनन्य परिस्थितियाँ और वर्तमान में उपलब्ध समर्थन भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य बेहतर सहयोग और समन्वय कार्यों को समर्थित करने के लिए राष्ट्रमंडल विभागों को सुव्यवस्थित और समन्वित बनाना है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के अवैतनिक देखभालकर्ताओं की सकुशलता, शिक्षा, स्वास्थ्य (मानसिक स्वास्थ्य सहित) और सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता सशक्त बन सके।

## एक नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति क्यों

पूर्ववर्ती राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति 2011 में शुरू की गई थी और यह राष्ट्रीय विकलांगता कार्यनीति (National Disability Strategy) 2010-2020 के साथ समन्वित थी और यह देखभालकर्ता अभिस्वीकृति अधिनियम (Carer Recognition Act) 2010 के संयोजन में ऑस्ट्रेलिया सरकार के राष्ट्रीय देखभालकर्ता अभिस्वीकृति ढांचे (National Carer Recognition Framework) का हिस्सा बनी थी।

2015 में उस पूर्ववर्ती कार्यनीति के स्थान पर देखभालकर्ता समर्थन सेवाओं के लिए एकीकृत योजना (Integrated Plan for Carer Support Services) के शुरू होने पर, जिसे Carer Gateway के रूप में जाना जाता है, उस नीति को रद्द कर दिया गया था।

पिछली कार्यनीति के जारी होने के बाद से समर्थन की आवश्यकताओं वाले लोगों के लिए प्रमुख सेवा प्रावधानों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, जिसमें राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (National Disability Insurance Scheme), ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) 2021-2031 और वृद्ध देखभाल सुधारों का लागूकरण भी शामिल हैं। व्यक्ति-केंद्रित योजना और सेवा वितरण पर बढ़ता हुआ फोकस इस बात में परिवर्तन ला रहा है कि औपचारिक समर्थन सेवाएँ इनका उपयोग करने वाले लोगों, उनके परिवार, दोस्तों और देखभालकर्ताओं के साथ किस प्रकार से पारस्परिक व्यवहार करती हैं।




आने वाले दशकों के लिए जनसांख्यिकीय अनुमानों से पता चलता है कि 2020 और 2030 के बीच अनौपचारिक देखभालकर्ताओं की मांग में 23% वृद्धि होनी तय है। यह समुदाय में रहने वाले गंभीर या गहन विकलांगता-ग्रस्त लोगों की संख्या में अनुमानित परिवर्तन पर आधारित है (Deloitte, 2020)। वृद्ध होते हुए ऑस्ट्रेलियावासियों की संख्या भी बढ़ रही है (ABS 2022-base---2071)।


इसी समय जब अवैतनिक देखभाल की मांग बढ़ रही है, तो श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर में भी वृद्धि हुई है - जोकि सभी दो-तिहाई देखभालकर्ताओं से कुछ अधिक है (ABS, 2024)। ये कारक अनौपचारिक देखभाल और वेतनीय कार्य को संयोजित करने की देखभालकर्ताओं की क्षमता को प्रभावित करना जारी रखेंगे और देखभालकर्ताओं की आर्थिक भागीदारी को प्रभावित करेंगे।

नई कार्यनीति राष्ट्रमंडल पोर्टफोलियो में देखभालकर्ता नीति के समन्वय के लिए एक राष्ट्रीय ढांचा प्रदान करेगी, जिससे देखभालकर्ताओं के लिए अभी और भविष्य में बेहतर समर्थन सुविधाकृत हो पाएगा।

## चर्चा पत्र

नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का विकास ऑस्ट्रेलिया द्वारा देखभालकर्ताओं को समर्थित करने के तरीके के बारे में राष्ट्रीय चर्चा करने का एक अवसर है। यह चर्चा देखभालकर्ताओं की विविधतापूर्ण परिस्थितियों को देखेगी, जिसमें देखभालकर्ताओं की व्यक्तिगत आवश्यकताएँ, देखभाल प्राप्तकर्ताओं की आवश्यकताएँ, कुछ भौगोलिक स्थलों में समर्थनों की उपलब्धता और देखभालकर्ता उन सहायता प्रदान करने वाली सेवा प्रणालियों को कैसे समझते-बूझते हैं, यह भी शामिल है।

चित्र 1: ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं की विविधता




## दायरा और मुख्य विचार

### आकड़े

आकड़ों को कई स्रोतों से एकत्र किया जाता है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में जनसंख्या एवं आवासीयता की राष्ट्रीय जनगणना (Census of Population and Housing), और साथ ही ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी कार्यालय (एबीएस) [Australian Bureau of Statistics (ABS)] द्वारा संचालित विकलांगता, आयुर्वृद्धि एवं देखभालकर्ता सर्वेक्षण (एसडीएसी) [Survey of Disability, Ageing and Carers (SDAC)] भी शामिल है।

एसडीएसी के सबसे हालिया आकड़ों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 3.0 मिलियन अवैतनिक देखभालकर्ताओं में से लगभग 1.2 मिलियन को (सभी ऑस्ट्रेलियावासियों का 4.5% अंश) प्राथमिक देखभालकर्ता माना जाता है (ABS, 2022)। यह 2018 में 3.5% या 861,600 लोगों की वृद्धि है। इन प्राथमिक देखभालकर्ताओं में से 43.8 प्रतिशत अपनी पहचान किसी विकलांगता से ग्रस्त होने के रूप में करते हैं। एसडीएसी के आकड़े इंगित करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया के प्राथमिक देखभालकर्ताओं में से 67.7% महिलाएँ हैं।

ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य एवं सकुशलता संस्थान (Australian Institute of Health and Welfare) द्वारा किए गए ABS के जनसंख्या एवं आवासीयता जनगणना (2021) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि 15 वर्ष या इससे अधिक की आयु के 76,600 (15%) स्वदेशी ऑस्ट्रेलियावासी देखभालकर्ता हैं।

ऑस्ट्रेलिया सरकार की राष्ट्रीय देखभालकर्ता समर्थन प्रणाली केयरर गेटवे है और सेवा प्रदाताओं द्वारा एकत्र किए गए आकड़े सेवाएँ एक्सेस करने वाले देखभालकर्ताओं की विविधता पर प्रकाश डालते हैं।

30 जून 2023 तक ऑस्ट्रेलिया में 163,403 या 6 प्रतिशत देखभालकर्ताओं ने केयरर गेटवे में पंजीकरण कराया था (30 जून 2023 तक Data Exchange आकड़े)। केयरर गेटवे मे पंजीकृत कुल 163,403 देखभालकर्ताओं में से:

- 122,233 देखभालकर्ता (या 75 प्रतिशत) महिलाएँ थीं
- 9,013 देखभालकर्ता (या 6 प्रतिशत) 25 वर्ष से कम आयु के थे
- 6,733 देखभालकर्ताओं (या 4 प्रतिशत) ने अपनी पहचान प्रथम राष्ट्रों के लोगों के रूप में की थी
- 9,583 देखभालकर्ताओं (या 6 प्रतिशत) ने अपनी पहचान सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण (सीएएलडी) के रूप में की थी

## विविधता का सम्मान

कार्यनीति में इस बात को अभिस्वीकृति दी जाएगी कि पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में देखभालकर्ता संस्कृति, धर्म, भाषा, क्षमता, स्थान और पारिवारिक संरचना की दृष्टि से विविधतापूर्ण हैं, जिसमें हमारे LGBTIQA+ समुदाय भी शामिल हैं।

## युवा देखभालकर्ता और वृद्ध देखभालकर्ता

हम जानते हैं कि देखभालकर्ता किसी भी आयु के हो सकते हैं। 25 वर्ष से कम आयु के बच्चों और युवा वयस्कों को 'युवा देखभालकर्ता' कहा जाता है, तथा 65 वर्ष और इससे अधिक आयु के देखभालकर्ताओं को 'वृद्ध देखभालकर्ता' के रूप में संदर्भित किया जाता है।







2022 तक, ऑस्ट्रेलिया में 3.0 मिलियन अवैतनिक देखभालकर्ताओं में से 392,900 से अधिक व्यक्ति युवा देखभालकर्ता थे और 758,000 से अधिक व्यक्ति वृद्ध देखभालकर्ता थे (ABS, 2022)। यह राष्ट्रीय चर्चा सुनिश्चित करेगी कि यह कार्यनीति हमारे युवा और वृद्ध, दोनों आयुवर्गों के देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं और विशिष्टता को बेहतर ढंग से समझती है।

## प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ता




एबीएस (ABS) की 2021 की जनसंख्या एवं आवासीयता जनगणना में पाया गया कि प्रथम राष्ट्रों के लोग देखभालकर्ताओं की संख्या का लगभग 3.1% अंश या 76,568 लोग हैं। प्रथम राष्ट्रों के लोगों को अक्सर 'देखभालकर्ता' के रूप में अपनी पहचान करने में और अपनी देखभाल की भूमिका में समर्थन मांगने में अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है (FPDN, 2023)। हम इन चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझना चाहते हैं।

## सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण देखभालकर्ता

ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो (2021) की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर जिन देखभालकर्ताओं के लिए 'घर पर मुख्य भाषा अंग्रेज़ी नहीं है', उनका अनुपात लगभग 20.4% है (2021 की जनगणना से कैनबरा विश्वविद्यालय द्वारा उद्धृत), जबकि 25%-30% देखभालकर्ता सीएएलडी पृष्ठभूमियों से हैं।

***इस कार्यनीति के माध्यम से आपके दिन-प्रतिदिन के जीवन को बेहतर बनाने के अवसर क्या हैं?***

## पूरी सरकार-भर में अंत:प्रतिच्छेदन

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति (National Carer Strategy Advisory Committee) इस कार्यनीति के विकास के दौरान मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हम पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में जनपरामर्श शुरू करने के साथ-साथ देखभालकर्ता परिदृश्य में अनेकानेक प्रकार के अनुभवों और दृष्टिकोणों पर विचार करें। इन राष्ट्रीय चर्चाओं से यह सूचित हो पाएगा कि आकांक्षाएँ हासिल करने के लिए हमें अपने प्रयासों को कैसे निर्देशित करना चाहिए और अंतरालों को संबोधित करने वाले उचित नीतिगत परिणाम कैसे विकसित करने चाहिए।

हम इस बात से अवगत हैं कि देखभालकर्ता अक्सर अनेकानेक प्रकार की जटिल प्रणालियों को समझते-बूझते हैं, जिसके लिए उन्हें एक ही समय में कई एजेंसियों और सेवा प्रदाताओं के साथ पारस्परिक व्यवहार करने की आवश्यकता होती है। देखभालकर्ताओं ने हमें बताया है कि यह प्रक्रिया समय लेने वाली और निराशाजनक हो सकती है।

यह कार्यनीति समर्थन के इन महत्वपूर्ण तंत्रों में देखभालकर्ताओं के अनुभवों को बेहतर बनाने का प्रयास करेगी। इसमें सरकारी विभागों में नीति का बेहतर समन्वय, सूचना का प्रभावी साझाकरण, सरकारों के बीच और अधिक संचार, राष्ट्रमंडल एजेंसियों के बीच बेहतर रूप से संरेखित नीतियाँ और/या प्रणालियों से अनावश्यक कदमों को यथासंभव दूर करना शामिल हो सकता है।

सार्थक परिवर्तन के लिए प्रणालीगत मुद्दों को लक्षित करने के लिए सरकार के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। कई सरकारी पहलों से सीखकर इस कार्यनीति को सूचित किया जाएगा, जैसे अंतराल पाटना (Closing the Gap), विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण में राजकीय आयोग (Royal Commission into Violence, Abuse, Neglect and Exploitation of People with Disability), राष्ट्रीय लैंगिक समानता प्राप्ति कार्यनीति (National Strategy to Achieve Gender Equality), राष्ट्रीय ऑटिज़्म कार्यनीति (National Autism Strategy), और प्रधानमंत्री एवं कैबिनेट विभाग (Department of the Prime Minister and Cabinet) के नेतृत्व में देखभाल और समर्थन अर्थव्यवस्था पर काम करना।

यह कार्यनीति अनेकानेक राष्ट्रमंडल पोर्टफोलियो में देखभालकर्ताओं को प्रभावित करने वाले प्रणालीगत मुद्दों पर ध्यान देगी, जिसमें राष्ट्रीय विकलांगता बीमा एजेंसी (National Disability Insurance Agency), वयोवृद्ध मामले विभाग (Department of Veterans Affairs) और स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग (Department of Health and Aged Care) शामिल हैं।

***क्या सेवा प्रणालियों में परिवर्तनों से आप एक देखभालकर्ता के रूप में प्रभावित हुए/ई हैं?***

***किन बातों से देखभालकर्ताओं के लिए प्रदाता सेवाओं या सरकारी प्रक्रियाओं के साथ पारस्परिक व्यवहार करते समय उनकी अपनी आवश्यकताओं को पूरा करना आसान बन सकता है?***

# अनुभाग 2: नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति के लिए मुद्दा

**हमें पहले से ही क्या पता है**

पूरे देश-भर में देखभालकर्ताओं ने हाल में आयोजित राजकीय आयोगों, जाँचों, सर्वेक्षणों और गोलमेजों जैसे परामर्श के अनेकानेक अवसरों के माध्यम से ऐसी चुनौतियों के बारे में अपने विचार साझा किए हैं, जिनका अनुभव उन्हें अपनी देखभाल की भूमिका, अपनी सकुशलता और अपने समुदायों में होता है। देखभालकर्ताओं ने हमें पहले से ही जो बताया है, हम उसपर आगे निर्माण करना चाहते हैं, ताकि देखभालकर्ताओं, उनसे देखभाल प्राप्त करने वाले लोगों और उनके समुदायों के लिए सुधारों को उद्वेलित किया जा सके।

देखभालकर्ताओं और हितधारकों ने हमें बताया है कि:

- अवैतनिक देखभालकर्ताओं की समग्र आवश्यकताओं को संबोधित करने पर और अधिक बल देने की आवश्यकता है।
- देखभाल प्राप्तकर्ताओं के लिए परिणामों को सुधारने के उद्देश्य से औपचारिक और अनौपचारिक देखभाल को बेहतर ढंग से एकीकृत किए जाने की आवश्यकता है, उदाहरण के लिए, देखभालकर्ता उस विशेषज्ञता के लिए मान्यता दिए जाने के इच्छुक हैं, जिसका योगदान वे अपने देखभाल प्राप्तकर्ता की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से समझने में दे सकते हैं।
- प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ताओं और अन्य विविधतापूर्ण समुदायों के अनन्य अनुभवों व चुनौतियों के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और अनुकूलित सेवाओं व समर्थन की आवश्यकता है। नीतियों, कार्यक्रमों और समर्थनों के विकास में प्रथम राष्ट्रों के लोगों और अन्य विविधतापूर्ण समुदायों के दृष्टिकोणों और आवाज़ों को शामिल करना आवश्यक है, ताकि उनकी अनन्य आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा और पूरा किया जा सके।
- देखभाल समुदायों के सहयोग से डिज़ाइन किए गए स्थानीयकृत देखभाल प्रारूपों और सेवाओं की आवश्यकता है, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक सकुशलता और राहत देखभाल की सुलभता भी शामिल है।
- प्रशासनिक बाधाओं को सरल और सुव्यवस्थित बनाने से देखभालकर्ताओं को अपनी भूमिकाएँ निभाने के लिए आवश्यक प्रणालियों को बेहतर ढंग से समझने-बूझने में सहायता मिलेगी।

**सकुशलता**

प्रमाणों से पता चलता है कि देखभालकर्ताओं को अपनी सकुशलता पर अनेकानेक प्रकार के नकारात्मक प्रभावों का अनुभव हो सकता है, जिसे अक्सर "देखभाल का बोझ" कहा जाता है। किसी अन्य व्यक्ति को देखभाल प्रदान करने में शामिल समय से देखभालकर्ता के लिए रोजगार, शिक्षा, सामाजीकरण और आत्म-देखभाल हेतु उपलब्ध समय सीमित होता है (Carer Wellbeing Survey, 2022)। प्रमाणों से पता चलता है कि देखभालकर्ता अपने स्वास्थ्य और सकुशलता के बजाय उन लोगों की सकुशलता को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिनकी वे देखभाल करते हैं। इसके परिणामस्वरूप देखभालकर्ता अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आवश्यक आत्म-देखभाल गतिविधियों की उपेक्षा कर सकते हैं, जैसे नियमित चिकित्सा जाँच, व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त रूप से सोना, सामाजिक संपर्क, संलग्नता और समर्थन (Carers Wellbeing Survey, 2023)।

ऑस्ट्रेलिया में देखभालकर्ताओं की सकुशलता और सुरक्षा सरकार के दिमाग में सबसे आगे बनी हुई है। देखभालकर्ताओं के लिए तनाव और उनके मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने में कई कारक योगदान दे सकते हैं। चाहे स्थिति कुछ भी हो, यदि किसी देखभालकर्ता या देखभाल प्राप्तकर्ता को सहायता की आवश्यकता है, तो अक्सर अनेकानेक विशिष्ट सहायता सेवाएँ उपलब्ध रहती हैं। देखभालकर्ताओं के सामने आने वाली चुनौतियों को संबोधित करना जारी रखने के लिए हमारा उद्देश्य देखभालकर्ताओं और समुदाय, दोनों के लिए इस बारे में समझ में सुधार करना है कि देखभाल क्या होती है, अवैतनिक देखभालकर्ता कौन हो सकता है और अवैतनिक देखभालकर्ताओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले मूल्यवान योगदान को समर्थन और पहचान देने के लिए क्या उपलब्ध है। हमारे समुदाय में विकलांगता-ग्रस्त, लंबे समय तक चलने वाले रोगों से ग्रस्त और वयोवृद्ध व्यक्तियों को अवैतनिक देखभालकर्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण समर्थन उपलब्ध कराने के प्रयास अक्सर उन व्यक्तियों को अपने ही घरों और समुदायों में रहने में सक्षम बनाने के लिए अत्यावश्यक हैं।

देखभाल की भूमिका और इसके प्रभाव को स्वीकृति दिए जाने में कमी को ऐसे संरचनात्मक कारकों के रूप में संबोधित किया जाना जारी बना हुआ है, जिन्हें उपेक्षित किया जाता है। समुचित और सामयिक सेवाओं की सुलभता के साथ-साथ देखभाल की भूमिका से पर्याप्त विरामों की अनुमति देने वाली वैकल्पिक देखभाल व्यवस्थाएँ देखभालकर्ताओं के स्वास्थ्य और सकुशलता को समर्थित करने में महत्वपूर्ण कारक हो सकती हैं।

## सेवाओं की सुलभता

*देखभालकर्ता सकुशलता सर्वेक्षण (Carer Wellbeing Survey)* 2023 में पाया गया कि देखभालकर्ता कई प्रकार के समर्थन और सेवाएँ एक्सेस करते हैं, जिसमें शिक्षा और प्रशिक्षण, सामाजिक समर्थन समूह और राहत देखभाल भी शामिल है। अनुसंधान इंगित करता है कि कई प्रकार के समर्थनों से देखभालकर्ताओं पर सशक्त और निरंतर रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिसमें राहत देखभाल, कार्य के लिए अनुकूलनशील शर्तें, मनोवैज्ञानिक चिकित्सा, प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए हस्तक्षेप और समर्थन समूह शामिल हैं। किंतु देखभालकर्ताओं को इन सेवाओं तक पहुँचने और इन्हें समझने-बूझने में बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें प्रशासनिक प्रक्रियाएँ भी शामिल हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि बाधाएँ विशिष्ट समूहों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करती हैं, जिनमें क्षेत्रीय और दूरस्थ क्षेत्रों के देखभालकर्ता, जटिल आवश्यकताओं वाले देखभाल प्राप्तकर्ताओं के देखभालकर्ता और परिवहन, सुगम्यता एवं भाषा-संबंधी बाधाओं का सामना करने वाले देखभालकर्ता शामिल हैं (Carers Wellbeing Survey, 2022)।

इसके अलावा हाल ही में प्रतिनिधि सभा (House of Representatives) की सामाजिक नीति एवं कानूनी मामलों पर स्थायी समिति (Standing Committee on Social Policy and Legal Affairs) ने अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता दिए जाने के बारे में अपनी जाँच पर रिपोर्ट प्रस्तुत की; *अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता, महत्व एवं समर्थन देना (Recognising, valuing and supporting unpaid carers) (aph.gov.au)* (2024)। समिति ने अवैतनिक देखभालकर्ताओं के सामने आने वाली चुनौतियों और सुधार के विकल्पों की जाँच की थी। रिपोर्ट में 22 संस्तुतियाँ दी गई थीं, जिसमें अल्पसंख्यक समूहों पर और अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता शामिल थी और इन समूहों में प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ता, सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण देखभालकर्ता और युवा देखभालकर्ता शामिल थे, किंतु ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं थे।

## प्रथम राष्ट्रों के लोग

ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य एवं सकुशलता संस्थान (Australian Institute of Health and Wellbeing) ने *एबीएस की जनसंख्या एवं आवासीयता जनगणना* 2021 *(ABS Census of Population and Housing* 2021*) का विश्लेषण किया (*2023*)*। आकड़ों से पता चलता है कि 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के प्रथम राष्ट्रों के लोग अवैतनिक देखभाल में महत्वपूर्ण रूप से शामिल हैं, जिसमें 15% स्वदेशी ऑस्ट्रेलियावासी शामिल हैं। गैर-स्वदेशी ऑस्ट्रेलियावासियों की तुलना में प्रथम राष्ट्रों के लोगों के लिए अवैतनिक देखभाल में संलग्न होने और कम आयु में देखभाल करने की संभावना 1.3 गुना अधिक है (AIHW, 2023)। प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ताओं को सकुशलता में गिरावट, आर्थिक तनाव और कार्यबल भागीदारी की निम्न दर (Carer Wellbeing Survey, 2023) के अतिरिक्त अनन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ताओं के लिए शैक्षिक असमानताएँ विशेषकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती हैं (LoGiudice et al., 2021) और उनके लिए समर्थन की आवश्यकता वाली स्वास्थ्य समस्याओं तथा विकलांगताओं के समय से पूर्व होने का अधिक प्रसार है (Hill *et al.,* 2012)।

## सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण (सीएएलडी) देखभालकर्ता

सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों के देखभालकर्ताओं ने परामर्श गतिविधियों के माध्यम से हमें बताया है कि सीएएलडी देखभालकर्ताओं को बेहतर समर्थन देने के लिए यह जानना आवश्यक है कि अलग-अलग समुदायों में देखभाल को कैसे समझा जाता है और इन देखभालकर्ताओं को अपनी भूमिका निभाने तथा समर्थनों की सुलभता हासिल करने में कौन सी अतिरिक्त बाधाओं का सामना करना पड़ता है। संवृद्ध जागरुकता और लक्षित समर्थन के माध्यम से इन बाधाओं को कम करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करके मानसिक स्वास्थ्य रोकथाम की बेहतर देखभाल के साथ-साथ सीएएलडी देखभालकर्ताओं के लिए बेहतर सकुशलता व परिणामों में सुधार हो सकता है और उन्हें समर्थित किया जा सकता है।

## युवा देखभालकर्ता

युवा देखभालकर्ता देखभालकर्ता समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवा देखभालकर्ता बताते हैं कि उन्हें अपनी सकुशलता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी पर महत्वपूर्ण प्रभावों का अनुभव होता है (Mohanty and Niyonsenga, 2021)। युवा अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता और बेहतर समर्थन देना महत्वपूर्ण है। इसमें उनके समुदाय के अंदर देखभालकर्ताओं के रूप में उनकी भूमिका और योगदान के बारे में जागरुकता बढ़ाना, प्रशिक्षण प्रदान करना, शिक्षा प्रणाली जागरुकता में सुधार लाना और युवा देखभालकर्ता की भूमिका की समझ में सुधार करना शामिल है।

## LGBTQIA+ देखभालकर्ता

LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं के बारे में सुसंगत, राष्ट्रीय डेटा का अभाव है। आज तक का इनपुट इंगित करता है कि LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका में अतिरिक्त चुनौतियों का अनुभव होता है, जिसमें और अधिक सामाजिक अलगाव, भेदभाव (विशेषकर ऐसे समर्थनों और सेवाओं की सुलभता में, जो संभावित रूप से समावेशी नहीं हो सकती हैं), पहचान या अनुभव को मान्यता दिए जाने में कमी (मानसिक स्वास्थ्य देखभालकर्ता एनएसडब्ल्यू, 2024), और सकुशलता में जारी बनी रहने वाली गिरावट (देखभालकर्ता सकुशलता सर्वेक्षण, 2023)। LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं के सामने आने वाली बाधाओं को और अधिक लक्षित, सहकर्मियों के नेतृत्व वाले और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त समावेशी समर्थनों; तथा LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं के अनन्य अनुभव के बारे में और अधिक जागरुकता पैदा करके संबोधित किया जा सकता है।

# अनुभाग 3: आपके विचार

### अगले कदम

आने वाले सामुदायिक और इस सेक्टर में परामर्शों के माध्यम से हम देखभालकर्ताओं को अनुभव होने वाली प्रमुख चुनौतियों को आगे समझने और ऐसे समाधानों के लिए विचारों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं, जिनसे देखभालकर्ताओं और उनसे समर्थन प्राप्त करने वाले लोगों के जीवन में सुधार आएगा।

आगे के अनुभाग में आपको कई प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें से कुछ या सभी प्रश्नों का उत्तर देने या आपकी सोच के अनुसार कार्यनीति के विकास में कोई भी अन्य विचारणीय प्रतिक्रिया देने के लिए आपका स्वागत है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कार्यनीति में अधिक से अधिक लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व हुआ है।

यह चर्चा पत्र एक राष्ट्रीय परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा है। कृपया सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) की वेबसाइट पर जाकर पता करें कि आप परामर्श प्रक्रिया की पूरी अवधि के दौरान संलग्न कैसे बने रह सकते/ती हैं।

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति की प्रस्तावित संरचना

कार्यनीति की प्रस्तावित संरचना में मार्गदर्शी सिद्धांत, एक राष्ट्रीय दृष्टि, वांछित परिणाम, नीतिगत प्राथमिकताएँ और ऐसे संकेतक शामिल हैं, जो परिणामों और प्राथमिकता के सुधार क्षेत्रों की तुलना में भविष्य की सफलता को मापेंगे।

### दृष्टि कथन

नई राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति के लिए दृष्टि कथन को पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों और स्थानों से जीवंत अनुभव वाले देखभालकर्ताओं के साथ मिलकर तैयार किया गया है। दृष्टि कथन कार्यनीति के लिए आच्छादन आकांक्षाएँ और वांछित परिणाम नियत करता है।

> ***‘हमारी दृष्टि ऐसे ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के लिए है, जिसमें सभी देखभालकर्ताओं को समाज में पूरी तरह से भाग लेने और अपनी देखभाल की भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक समर्थन के साथ उन्हें मान्यता और महत्व दिया जाता है और सशक्त बनाया जाता है।’***

### कार्यनीति के सिद्धांत

इस कार्यनीति के तहत नीति और भविष्य में प्रस्तावित कार्यान्वयन के मार्गदर्शन के लिए सिद्धांतों का एक सेट विकसित किया जाएगा। मार्गदर्शी सिद्धांतों में देखभालकर्ता केंद्रित होने, देखभालकर्ताओं के विचारों को सुनने, और विविधतापूर्ण देखभालकर्ताओं को शामिल करने जैसी बातें शामिल हो सकती हैं। वे पूरी सेवा प्रणाली में और समय के साथ देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं पर भी विचार कर सकते हैं।

इस परामर्श के माध्यम से हितधारकों को कार्यनीति के मार्गदर्शी सिद्धांतों के लिए विचार प्रस्तावित करने का अवसर मिलेगा। इन विचारों को कार्यनीति के लिए एक दृष्टि, एक परिणाम या एक प्राथमिकता के क्षेत्र के संदर्भ में प्रस्तावित किया जा सकता है। ये क्षेत्र कदम उठाने के लिए लंबी अवधि के या कम अवधि के हो सकते हैं।

प्रश्न

1. आपके विचार में राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति में क्या सिद्धांत होने चाहिए?

### आपकी देखभाल की भूमिका कैसी दिखती है?

देखभालकर्ता दैनिक गतिविधियों में समर्थन और सहायता प्रदान करते हैं, जैसे भोजन तैयार करना, व्यक्तिगत देखभाल, गतिशीलता में सहायता, परिवहन, निर्णय लेने में समर्थन, दवाइयों के साथ सहायता, आर्थिक प्रबंधन, संकट असहिष्णुता, मनोभाव प्रबंधन और संकट प्रबंधन। कुछ लोग पूरे समय देखभाल प्रदान करते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग कभी-कभी ही ऐसा करते हैं। कुछ देखभालकर्ता ऐसे लोगों की देखभाल करते हैं जो अधिकांश रूप से स्वतंत्र होते हैं, किंतु उन्हें बैंकिंग, परिवहन, खरीदारी या घर के काम-काज जैसे कार्यों में कुछ सहायता की आवश्यकता हो सकती है। हरेक परिस्थिति अलग-अलग होती है। कुछ लोगों को अपनी देखभाल की भूमिका में सहायता के लिए प्रशिक्षण और कुशलता विकास जैसे अधिक व्यावहारिक समर्थनों की आवश्यकता हो सकती है।

प्रश्न

2. आपकी देखभाल की भूमिका में क्या शामिल है या आपको यह कैसी दिखाई देती है?
    a. क्या आप एक प्राथमिक देखभालकर्ता हैं? और क्या आपके पास द्वितीयक समर्थन है, जैसे विस्तारित परिवार भी कुछ देखभाल समर्थन प्रदान करता है?
3. आपकी देखभाल की भूमिका में आपकी सहायता या समर्थन के लिए आप कौन से अतिरिक्त समर्थन और/या कुशलताएँ चाहते/ती हैं या विकसित करने के इच्छुक हैं?

## देखभालकर्ताओं के लिए समर्थन

अवैतनिक देखभालकर्ताओं की आवश्यकताएँ अलग-अलग होती हैं और अक्सर अन्य कारकों पर निर्भर करती हैं। ये व्यक्तिगत देखभाल व्यवस्थाओं की आवृत्ति या तीव्रता के आधार पर अलग-अलग हो सकती हैं, जैसे कुछ देखभालकर्ता देखभाल प्रदान कर सकते हैं और रोजगार में भी शामिल हो सकते हैं। कुछ इस देखभाल को प्रदान करने वाले एकमात्र व्यक्ति नहीं हो सकते हैं, या वे हरेक दिन देखभाल प्रदान नहीं कर सकते हैं। विशेषकर देखभालकर्ताओं को प्रदान किए जाने वाले अनेकानेक समर्थन और सेवाएँ उपलब्ध हैं। पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए व्यक्तिगत, ऑनलाइन और फोन सेवाएँ उपलब्ध हैं, जो एक अवैतनिक देखभालकर्ता है। आपको व्यावहारिक समर्थन और सेवाएँ प्रत्यक्ष रूप से या अन्य संगठनों के माध्यम से वितरित की जा सकती हैं, जैसे साफ-सफाई, बागवानी, परिवहन और राहत देखभाल।

प्रश्न

4. क्या आपको पता है कि आपकी देखभाल की भूमिका में आपके समर्थन के लिए कौन सी सेवाएँ उपलब्ध हैं?
    a. क्या आपको पता है कि देखभालकर्ता समर्थन की खोज और इसकी सुलभता हासिल कैसे करें?
    b. क्या आपने अतीत में किसी देखभालकर्ता समर्थन या सेवाओं का उपयोग किया है?
5. यदि आपने इन सेवाओं की सुलभता हासिल की है, तो आपके लिए क्या कारगर रहा है या आपको कहाँ पर चुनौतियों का अनुभव हुआ है?

## राहत

'राहत' या 'राहत देखभाल' तब होती है जब कोई दूसरा उस व्यक्ति की देखभाल करता है जिसे आप देखभाल प्रदान करते/ती हैं, ताकि आप विराम ले सकें। विराम से आपको दिन-प्रतिदिन की गतिविधियाँ करने या आराम करने, तनाव का सामना करने और स्वयं अपनी देखभाल करने का समय मिल सकता है। राहत देखभाल परिवार या दोस्तों या किसी राहत सेवा द्वारा प्रदान की जा सकती है। यह थोड़े समय के लिए या लंबे समय तक हो सकती है, जिसमें पूरी रात-भर की देखभाल भी शामिल है। यदि आप अचानक स्वयं देखभाल प्रदान करने में खुद को असमर्थ पाते/ती हैं, तो आपको कम अवधि की सूचना पर आपातकालीन राहत देखभाल लेने की आवश्यकता हो सकती है, उदाहरण के लिए यदि आप बीमार हैं या आपको चोट लग जाती है। जब आप एक देखभालकर्ता होते/ती हैं, तो आराम और रिचार्ज करने के लिए नियमित रूप से अपने लिए समय निकालना महत्वपूर्ण है। राहत से आपको एक देखभालकर्ता के रूप में अपनी भूमिका जारी रखने में समर्थन मिल सकता है।

2023 देखभालकर्ता सकुशलता सर्वेक्षण (Carers Wellbeing Survey) से पता चला है कि राहत देखभाल से देखभालकर्ता के लिए बर्नआउट, तनाव व थकावट कम हो सकती है, और उन्हें आवश्यक आत्म-देखभाल गतिविधियों व सामाजिक गतिविधियों के लिए समय मिल सकता है। अनन्य या विविधतापूर्ण आवश्यकताओं वाले कुछ देखभालकर्ताओं के लिए समुचित औपचारिक देखभाल महत्वपूर्ण हो सकती है, जैसे युवा देखभालकर्ताओं के लिए, जिन्हें अपने विकास के समर्थन में शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों के लिए समय की आवश्यकता होती है। हम यह समझते हैं कि 'राहत' शब्द कई लोगों के लिए पसंदीदा शब्द नहीं भी हो सकता है, और इसके बारे में और अधिक जानने में हमारी रुचि है।

प्रश्न

6. हम जानते हैं कि कुछ देखभालकर्ताओं को ऐसा लगता है कि वे आवश्यक देखभाल की जटिलता के कारण अपने प्रियजन को दूसरों के साथ नहीं छोड़ सकते हैं। राहत हासिल करने में आपके सामने क्या अवरोध आए हैं और कौन सा अतिरिक्त समर्थन भविष्य में राहत हासिल करने में आपकी हिचकिचाहट को दूर कर सकता है?
7. आपको उपयुक्त वैकल्पिक देखभाल व्यवस्थाएँ कैसी दिखती हैं?

## रोजगार और शिक्षा

किसी अन्य व्यक्ति को देखभाल प्रदान करने की माँगों से देखभालकर्ताओं के लिए रोजगार, शिक्षा, सामाजीकरण और आत्म-देखभाल हेतु उपलब्ध समय सीमित होता है (Carer Wellbeing Survey, 2022)। शिक्षा और रोजगार के साथ देखभाल की जिम्मेदारियों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसी के समान, देखभाल की जिम्मेदारियों के साथ होने पर कार्यकारी जीवन में पारगमन कर पाना कठिन हो सकता है।

देखभाल प्रदान करने की अवधि में प्राप्त किए गए समर्थनों और सेवाओं में काफी अंतर हो सकता है। अलग-अलग समयों पर देखभाल की आवश्यकताएँ बदल सकती हैं तथा ये देखभालकर्ता के लिए रोजगार और/या शिक्षा में भाग लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

हाल के परामर्शों से यह ध्यान में आया है कि युवा देखभालकर्ताओं के लिए स्कूली प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ देखभाल कर्तव्य संतुलित करने से अक्सर अनुपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन खराब होता है व उच्चतर शिक्षा के अवसर सीमित हो जाते हैं। अधिक व्यापक रूप से, हमने यह भी सुना है कि अनुकूलनशील स्कूली और रोजगार व्यवस्थाओं से देखभालकर्ताओं की क्षमता बढ़ सकती है और उनकी आर्थिक व सामाजिक भागीदारी को समर्थन मिल सकता है। समान रूप से, प्रशिक्षण और शिक्षण हस्तक्षेप तथा समर्थन भागीदारी को बढ़ाते हैं।

देखभालकर्ता-समावेशी कार्यस्थल पहल (Carer-Inclusive Workplace Initiative) का निर्माण इसलिए किया गया था, ताकि देखभालकर्ताओं के मूल्यवान योगदान को मान्यता दी जा सके और समुदाय में अवैतनिक देखभाल प्रदान करने वालों के लिए और अधिक समावेशी व समर्थनकारी कार्यस्थल बनाया जा सके। हम कार्यस्थल या स्कूल में आपके लिए लाभदायक समर्थनों और सेवाओं की पहचान करना चाहते हैं और उनके बारे में सीखना चाहते हैं।

प्रश्न

8. कौन सी देखभाल-समावेशी कार्यप्रथाएँ आपके कार्यस्थल या शिक्षण संस्थान को लाभ पहुँचा सकती हैं?
9. आपको अपने शिक्षण परिवेश या कार्यस्थल में किस प्रकार के समर्थन उपलब्ध हैं, जो आपको सहायक लगते हैं?
10. हम देखभालकर्ताओं को कार्यबल या शिक्षा प्रणाली में बने रखने या फिर से प्रवेश करने के लिए सबसे अच्छी तरह से समर्थन कैसे दे सकते हैं?

## प्राथमिकताएँ

एक अवैतनिक देखभालकर्ता होने से संबंधों पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ, गतिशीलता में परिवर्तन और देखभालकर्ता होने की शारीरिक और भावनात्मक माँगों से तनाव, थकान और यहाँ तक कि कुण्ठा भी पैदा हो सकती है। यह आपके संबंधों की प्रकृति को बदल सकता है, विशेषकर जहाँ भूमिका उलट होती है, उदाहरण के लिए जब बच्चा माता/पिता की देखभाल करता है या पति/पत्नी अपने जीवनसाथी की देखभाल करता/ती है। देखभाल प्रदान करने की कोई भी दो भूमिकाएँ एक-समान नहीं होती हैं। हम यह बेहतर ढंग से समझना चाहते हैं कि एक व्यक्ति-विशेष के रूप में आपको अपनी देखभाल की भूमिका में सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता क्या लगती है।

प्रश्न

11. एक देखभालकर्ता के रूप में आपके सामने आने वाली शीर्ष की तीन चुनौतियाँ क्या हैं?
12. आपके विचार में देखभालकर्ताओं और उनसे समर्थन प्राप्त करने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सबसे बड़े अवसर क्या हैं?

## सहकर्मी समर्थन

सहकर्मी समर्थन समूह साझा अनुभवों के बारे में अन्य देखभालकर्ताओं से बात करने का अवसर प्रदान करने में सहायता दे सकते हैं। पियर-टु-पियर समर्थन से अलग-अलग प्रकार के समर्थन मिल सकते हैं, मूल्यवान जानकारी से लेकर साझा अनुभवों व सलाह, मित्रता और दोस्ती तक।

सहकर्मी समर्थन व्यावहारिक समर्थन हो सकता है, जो विशिष्ट परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रभावी कार्यनीतियाँ लागू करने और उन्हें बनाए रखने के तरीकों जैसी बातों में सहायता कर सकता है, जैसे दवाइयों का प्रबंधन करने, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने के लिए कार्यनीतियाँ आदि। यह भावनात्मक समर्थन भी हो सकता है और आप जिस स्थिति में हैं, उसकी भावनात्मक जटिलता का सामना करने में आपकी सहायता कर सकता है। कई देखभालकर्ता समुदाय और सेवाओं को बेहतर ढंग से समझने-बूझने के लिए मूल्यवान ज्ञान और समर्थन हासिल कर पाते हैं।

सहकर्मी समर्थन से देखभालकर्ताओं को नए लोगों, समूहों और सेवाओं से संबंध बनाने में सहायता मिल सकती है।

प्रश्न

13. क्या आपने सहकर्मी समर्थनों की सुलभता हासिल की है? आपको क्या लाभदायक प्रतीत हुआ, या क्या आप सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर सकते/ती हैं?

## सभी देखभालकर्ताओं पर प्रतिबिंबन

हम जानते हैं कि कुछ समूहों या लोगों को सरकारी प्रक्रिया या सेवाओं के साथ संलग्न होना चुनौतीपूर्ण लग सकता है और ऐसी अतिरिक्त बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जो अन्य देखभालकर्ताओं के सामने नहीं आती हैं, जैसे भाषा-संबंधी बाधाएँ, निम्न डिजिटल साक्षरता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता, अनुकूलित सेवाओं या स्थान की उपलब्धता।

इन विविधतापूर्ण समूहों में निम्नलिखित शामिल हैं, किंतु ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- प्रथम राष्ट्रों के लोग
- सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण समुदायों से आने वाले देखभालकर्ता - जिनमें बहुसांस्कृतिक, आप्रवासी और शरणार्थी पृष्ठभूमियों के लोग भी शामिल हैं
- क्षेत्रीय, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के देखभालकर्ता
- LGBTQIA+ के रूप में अपनी पहचान करने वाले, या ऐसे लोगों की देखभाल करने वाले देखभालकर्ता
- युवा देखभालकर्ता
- वयोवृद्ध देखभालकर्ता

प्रश्न

14. आप अपने अनुभवों को कार्यनीति में कैसे परिलक्षित होते हुए देखना चाहेंगे/गी।
15. यदि आप एक विविधतापूर्ण समूह से संबंधित हैं, तो आप अपने समुदाय में समर्थन और जानकारी की सुलभता में सुधार के उद्देश्य से कार्यनीति के लिए क्या अवसर देखते/ती हैं? (उदाहरण के लिए, क्या आपने अपने विशिष्ट विविधतापूर्ण समुदाय के लिए समर्थन और/या जानकारी प्राप्त करने में किसी अंतर या चुनौती की पहचान की है और सरकार इस मुद्दे को सुधारने के बारे में किन बातों पर विचार कर सकती है)।
16. ऐसी कुछ प्राथमिकताएँ क्या हैं जो आपके समुदाय में देखभालकर्ताओं के अनुभव में सहायता दे सकती हैं या इसमें सुधार कर सकती हैं?

## भुगतान

ऑस्ट्रेलिया सरकार सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के माध्यम से ऐसे देखभालकर्ताओं को समर्थित करने के लिए भुगतान प्रदान करती है, जो अपनी देखभाल की भूमिका की मांगों के कारण पर्याप्त रूप से वेतनीय रोजगार के माध्यम से खुद को समर्थित कर पाने में असमर्थ रहते हैं।

देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment) और देखभालकर्ता भत्ता (Carer Allowance) ऐसे लोगों की सहायता के लिए पाक्षिक रूप से अदा किए जाने वाले सामाजिक सुरक्षा भुगतान हैं, जो किसी विकलांगता या चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त या आयु के कारण नि:शक्त व्यक्ति को निजी घर में देखभाल प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलिया की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली में सामान्य रूप से पेंशनों की अदायगी आय समर्थन भुगतानों की सबसे ऊँची विधायी दर पर की जाती है, जिसमें देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment) भी शामिल है। इन भुगतानों को हरेक वर्ष मार्च और सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index) के अनुरूप अनुक्रमित किया जाता है, ताकि इनमें जीवन जीने की लागत में वृद्धि प्रतिबिंबित हो सके।

2024-25 के बजट में ऑस्ट्रेलिया सरकार देखभालकर्ताओं को उनकी देखभाल की भूमिका के इर्द-गिर्द अपने रोजगार की प्रतिबद्धताएँ संरचित करने में और अधिक लचीलापन और विकल्प उपलब्ध कराने के लिए 5 वर्षों की अवधि में $18.6 मिलियन का निवेश कर रही है, और इसमें देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment) प्राप्तकर्ताओं के लिए 25 घंटे प्रति सप्ताह नियम को बदलकर उसके बजाय अधिकतम 100 घंटे प्रति 4-सप्ताह में व्यवस्थित करने की अनुमति दी गई है। यह उपाय 25-घंटे की भागीदारी के नियम को अधिक अनुकूलनशील बनाकर और पढ़ाई एवं स्वैच्छिक गतिविधियों पर प्रतिबंधों को हटाकर कार्यबल में भागीदारी को बढ़ावा देता है। वर्तमान में देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment) प्राप्त करने वाले लगभग 31,000 लोग काम कर रहे हैं और वे अधिक अनुकूलनशील ढंग से काम करने की क्षमता से लाभान्वित हो सकते हैं (जिसमें लगभग 25,000 महिलाएँ शामिल हैं)।

वर्तमान में सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) सामाजिक सुरक्षा प्रणाली में देखभालकर्ता भुगतानों के लिए आकलन प्रक्रियाओं की आधुनिक उपयुक्तता और समुचितता पर विचार करने के लिए समीक्षा कर रहा है। इसमें हितधारकों के साथ संलग्नता और देखभालकर्ता भुगतान के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में आकलन उपकरण, प्रक्रियाओं व आवश्यकताओं की समीक्षा शामिल है।

प्रश्न

17. क्या आपके पास इस बारे में कोई विचार हैं कि सामाजिक सुरक्षा प्रणाली में देखभालकर्ताओं के लिए भुगतानों की आकलन प्रक्रिया कैसे काम कर रही है?
    a. क्या ऐसे कोई तरीके हैं जिनसे हम देखभालकर्ताओं के लिए यह प्रदर्शित करना आसान बना सकते हैं कि वे भुगतान प्राप्त करने के पात्र हैं?
    b. आपको भुगतान प्राप्त करने के लिए अपनी पात्रता प्रदर्शित करने में ऐसी कौन सी बाधाओं का अनुभव हुआ है, जिनके बारे में हमें पता होना चाहिए?

## अन्य सेवाएँ

हाल के वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में आंधी-तूफान, बाढ़, आग और भूकंप जैसी आपदा घटनाओं का अनुभव किया गया है। इनके दौरान समर्थन की खोज करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और आपातकाल प्रतिक्रियाओं का कार्यान्वयन आपात के आधार पर अलग-अलग, जटिल और त्वरित हो सकता है।

प्रश्न

18. क्या आपको एक देखभालकर्ता के रूप में अपनी क्षमता में कभी आपातकालीन सहायता या आपातकालीन समर्थन(नों) की आवश्यकता पड़ी है?
    a. क्या आपको एक देखभालकर्ता के रूप में अपनी भूमिका के कारण इन आपातकालीन समर्थन(नों) की सुलभता हासिल करने में किसी भी बाधा का अनुभव हुआ?
    b. क्या आपातकालीन समर्थन(नों) से आपकी और आपके देखभाल प्राप्तकर्ताओं की आवश्यकताएँ पर्याप्त रूप से पूरी हुई? (उदाहरण के लिए, क्या आपातकालीन निकास बिंदुओं के लिए व्हीलचेयर सुगम्यता थी; न्यूरोडाइवर्स लोगों के लिए शांत स्थानों की सुलभता थी)?
    c. क्या आप अपना अनुभव साझा करना चाहेंगे/गी?

## अपना अनुभव साझा करें:

19. क्या आप हमें कुछ और बताना चाहेंगे/गी?

# संदर्भ


ABS (Australian Bureau of Statistics) (2022) *Disability, Ageing and Carers*, ABS website, accessed 4 July 2024, https://www.abs.gov.au/statistics/health/disability/disability-ageing-and-carers-australia-summary-findings/2022

ABS (Australian Bureau of Statistics) (2018) *Disability, Ageing and Carers*, ABS website, accessed 12 July 2023. https://www.abs.gov.au/statistics/health/disability/disability-ageing-and-carers-australia-summary-findings/latest-release#carers

Australian Bureau of Statistics 2022-base---2071, *Population Projections, Australia*, ABS, viewed 4 April 2024, https://www.abs.gov.au/statistics/people/population/population-projections-australia/latest-release.

Australian Bureau of Statistics 2021, *Population and Housing*, ABS website, accessed 11 July 2023.

Australian Bureau of Statistics 2024, *Labour Force, Australia*, ABS, viewed 4 April 2024, https://www.abs.gov.au/statistics/labour/employment-and-unemployment/labour-force-australia/latest-release

AIHW (Australian Institute of Health and Welfare) and NIAA (National Indigenous Australians Agency) (2023) 'Health Status and Outcomes: 1.14 Disability', *Aboriginal and Torres Strait Islander Health Performance Framework,* AIHW and NIAA, Australian Government, accessed 11 July 2023.

Carers NSW (2023) 2022 National Carer Survey: Aboriginal and Torres Strait Islander Carers [PDF 138.82KB], fact sheet, accessed 11 July 2023.

Deloitte Access Economics (2020) *The Value of Informal Care in* 2020, *Carers Australia*, accessed 4 April 2024.

First Peoples Disability Network Australia (FPDN) (2023) *Disability Sector Strengthening Plan*, closingthegap.gov.au

Hill T, Cass B, Newton B and Valentine K (2012) *Indigenous Carers*, Department of Social Services

Standing Committee on Social Policy and Legal Affairs (27 March 2024) *Recognising, valuing and supporting unpaid carers*, Recognising, valuing and supporting unpaid carers – Parliament of Australia (aph.gov.au)

LoGiudice D, Josif CM, Malay R, Smith K, Hyde Z, Haswell M, Lindemann MA, Etherton-Beer C, Atkinson D, Bessarab D, Flicker L (2021) 'The Well-being of Carers of Older Aboriginal People Living in the Kimberley Region of Remote Western Australia: Empowerment, Depression, and Carer Burden', *Journal of Applied Gerontology*, 40(7), 693-702, doi: 10.1177/07334648198986.

Mohanty I, Niyongsenga, T 'Young Carers and their mental health', *The Lancet* Regional Health Western Pacific*,* Volume 16, 100304, DOI: https://doi.org/10.1016/j.lanwpc.2021.100304.

Schirmer, Mylek and Miranti (2022) *Carer Wellbeing Survey: Full Data Report*, Carers Australia, accessed 12 July 2023.